No. of Printed Pages : 4

**MUJ-04**

**2013**

**विधि-II (साक्ष्य एवं प्रक्रिया)**

**प्रश्न पत्र - II**

# LAW – II (Evidence and Procedure)

## Paper - II

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 200*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 200*

**नोट :** *अभ्यर्थी को प्रश्न संख्या **1** जो अनिवार्य है तथा **चार** और अन्य प्रश्न करने हैं । प्रत्येक खण्ड से **एक** प्रश्न करना अनिवार्य है । कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं । हांलाकि **सभी** प्रश्नों के समान अंक हैं । **एक** प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यत: एक साथ दिया जाय ।*

**Note :** *Candidates should attempt question Nos. **1** which is compulsory and **four** more questions. Atleast one question must be attempted from each section. In all **five** questions are to be answered. Marks carried by each question have been indicated against the question. However, all questions carry equal marks. The parts of same question must be answered together.*

1. (अ) रामदास पुत्र श्री कृष्णदास, निवासी सगरा, जिला काशीपुर उत्तराखण्ड का विवाह शीला पुत्री रामकृष्ण निवासी हल्दवानी के साथ 20 मार्च 2002 को जिला हरिद्वार में सम्पन्न हुआ था । उनके विवाह के छ: (6) वर्ष बाद भी शीला को कोई संतान पैदा नहीं हुयी । इसके बाद शीला एवं रामदास के सम्बन्ध अच्छे नहीं रहे । उन लोगों ने शीला के साथ दुर्व्यवहार किया । रामदास एवं उसके माता पिता ने सन् 2008 में शीला को उसके मायके (माता पिता के घर) भेज दिया । इन पाँच वर्षों में रामदास ने शीला को भरण पोषण हेतु भी कुछ नहीं दिया । रामदास और उसके माता-पिता ने शीला की व्यक्तिगत सम्पत्ति जैसे गले का हार, कंगन आदि भी नहीं लौटाया । इन परिस्थितियों में शीला विवाह-विच्छेद की डिक्री प्राप्त करना चाहती है ।

उपरोक्त मामले में शीला की ओर से विवाह-विच्छेद के लिए एक वाद पत्र लिखिये । **30**

(ब) उपर्युक्त वाद पत्र के उत्तर में प्रतिवादी रामदास की ओर से लिखित कथन का प्रारूप लिखिये । **10**

(a) Ram Das, S/o. Sri Krishna Das, R/o. Sagara, District Kashipur, Uttarakhand was married to Sheela, D/o. Ram Krishna, R/o. Haldwani on March 20, 2002 at Dist. Haridwar. Even after six years of marriage Sheela did not give birth to any child. Relations between Sheela and Ram Das did not remain happy for this reason. They misbehaved with her. In 2008 Ram Das and his parents sent Sheela to her parents' house. During these five years Ram Das gave no maintenance to Sheela. Ram Das and his parents did not return her personal property also such as necklace and bangles. Under such situation Sheela wants to obtain a decree of dissolution of marriage.

Draft a plaint for dissolution of marriage in the above case on behalf of Sheela.

(b) In reply to the plaint draft a written statement on behalf of defendant Ram Das.

**अथवा/OR**

एक खाते पीते वयस्क व्यक्ति "क" ने अपने पड़ोस की एक साधारण परिवार की लड़की "ब" से जिसकी माँ का देहान्त हो गया था और जिसका पिता अक्सर पूरे दिन खेत में कार्य करने चला जाता था, दोस्ती बढ़ा ली । उस व्यक्ति से लड़की को एक अधर्मज पुत्र पैदा हो गया । लड़की के पिता ने बच्चा उत्पन्न होने से पूर्व "क" से अपनी पुत्री "ब" के साथ विवाह का प्रस्ताव रखा था जिसे उसने मना कर दिया और भरण-पोषण के लिये भी मना कर दिया ।

इन तथ्यों के आधार पर उपर्युक्त प्रकरण का निर्णय लिखिये । **40**

A young man of considerable means 'A' developed friendship with a young girl 'B' of ordinary family living in his neighbourhood. The girl's mother had died and father usually had to go to his fields for working during the whole day. The girl gave birth to an illegitimate son from above mentioned young man. Before the illegitimate son was born there was proposal of marriage by the girl's father. The young man declined the offer of marriage and also refused to maintain her.

On the basis of the above facts write a judgement in the case.

## खण्ड – अ
## Section – A

2. (अ) विधिक प्रतिसादन (मुजराई), सम्यिक प्रतिसादन एवं प्रतिदावा के मध्य अन्तर स्पष्ट कीजिये और यह भी समझाइए कि इनका दावा किस प्रकार किया जाता है तथा उनका क्या प्रभाव पड़ता है । **20**

   (ब) (i) 'ख' पर एक विनिमय पत्र के आधार पर 'क' वाद लाता है । 'ख' अभिकथन करता है कि 'क' ने 'ख' के माल का बीमा करने में सदोष उपेक्षा की है और 'क' उसे प्रतिकर देने के लिये दायी है, जिसकी मुजराई का दावा 'ख' करना चाहता है । कारण सहित उत्तर दीजिये । **10**

   (ii) 'क' निर्वसीयती मर जाता है । उस समय वह 'ख' के प्रति ऋणी है । 'क' की चीज वस्तु का 'ग' प्रशासन पत्र प्राप्त कर लेता है । 'ख' उसी चीज वस्तु का कुछ भाग 'ग' से मोल ले लेता है । 'ग' द्वारा 'ख' के विरुद्ध लाये गये क्रय धन के वाद में 'ख' अपने ऋण की मुजराई चाहता है । कारण सहित उत्तर दीजिये । **10**

   (a) Distinguished between legal set off, equitable set off and counter claim. Discuss also how they are claimed and what are their effects.

   (b) (i) 'A' sues 'B' on a bill of exchange. "B" alleges that "A" has wrongfully neglected to insure B's goods and is liable to him for compensation, which he claims to setoff. Answer with reasons.

   (ii) 'A' dies intestate and in debt to 'B'. "C" takes out administration to 'A's' effects and "B" buys part of the effects from 'C'. In a suit for purchase money by "C" against 'B' the latter wants to set off the debt. Answer with reasons.

3. (अ) सारवान विधिक प्रश्न के सिद्धांत की विवेचना कीजिये, जिसके आधार पर सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 100 के अन्तर्गत उच्च न्यायालय के समक्ष द्वितीय अपील दायर की जा सकती है । **20**

   (ब) क्या निम्नलिखित मामलों में द्वितीय अपील दायर की जा सकती है ? कारण सहित उत्तर दीजिये ।

   (i) एक पक्षीय डिक्री के बारे में **5**

   (ii) विधि के विपरीत निर्णय होने पर **5**

   (iii) तथ्यों के निर्णय से निकले विधिक अनुमानों पर **5**

   (iv) विधि की शक्ति प्राप्त रीतिरिवाज **5**

   (a) Discuss the concept of substantial question of law on which the second appeal is filed before the High Court under Section 100 of Civil Procedure Code, 1908.

(b) Whether the second appeal can be filed in following cases. Give correct answer with reasons.
   (i) Exparte decree
   (ii) Decision being contrary to law.
   (iii) Legal inference drawn from finding of fact.
   (iv) Usages having force of law.

4. (अ) प्रत्यास्थापन के सिद्धांत की व्याख्या कीजिये । **30**
   (ब) सिविल न्यायालय की अन्तर्निहित शक्ति के सम्बन्ध में टिप्पणी लिखिये । **10**
   (a) Discuss the doctrine of the restitution.
   (b) Write a note on inherent power of Civil Court.

5. (अ) पूर्व न्याय के सिद्धान्त की विस्तार सहित व्याख्या कीजिये । **20**
   (ब) विदेशी निर्णय कब निश्चायक नहीं होता है ? व्याख्या कीजिये । **20**
   (a) Explain the principle of Res-Judicata in detail.
   (b) When a foreign judgement is not conclusive ? Discuss

## खण्ड – ब
## SECTION – B

6. (अ) पत्नी, बच्चों एवं माता-पिता के भरण पोषण हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में निहित विधि एवं प्रक्रिया का वर्णन कीजिये । **10**
   (ब) पुलिस रिपोर्ट तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट में अन्तर स्पष्ट कीजिये । **10**
   (स) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अनुसार दण्ड के लघुकरण के प्रावधानों को समझाइये । **10**
   (द) छोटे मामलों में अपील नहीं हो सकती हैं । दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अनुसार कौन से छोटे अपराध होते हैं, उनकी व्याख्या कीजिए । **10**
   (a) Describe the law and procedure for maintenance of wife, children and parents under Code of Criminal procedure, 1973.
   (b) Distinguish between Police Report and First Information Report.
   (c) Explain the provisions of commutation of sentences as has been provided under the Code of Criminal Procedure, 1973.
   (d) What are the petty offences for which no appeal has according to code of Criminal Procedure, 1973 ?

7. (अ) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में दिये गये वारण्ट मामलों के विचारण सम्बन्धी सामान्य उपबन्धों का संक्षिप्त वर्णन कीजिये । वारण्ट मामलों का विचारण तथा समन मामलों के विचारण प्रक्रिया में अंतर स्पष्ट कीजिये । **20**
   (ब) परिवादी के हाजिर न होने या उसकी मृत्यु से मजिस्ट्रेट द्वारा सम्मन मामलों के विचारण में क्या अन्तर होता है ? **10**
   (स) अन्वेषण एवं जाँच में अन्तर स्पष्ट कीजिये । **10**
   (a) Give a brief account of general provisions of trial in warrant cases as contained in Criminal Procedure Code, 1973. Distinguish between warrant trial and summon case trial.
   (b) What is effect of non-appearance or death of complainant in a trial of summon cases by Magistrate ?
   (c) Distinguish between investigation and inquiry.

8. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 145 के अन्तर्गत स्थावर सम्पत्ति विषयक विवादों में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया का संक्षिप्त वर्णन कीजिये । क्या आप इस मत से सहमत हैं कि धारा 145 के अन्तर्गत कार्यवाही स्वरूप में केवल निवारक है दण्डात्मक नहीं ? व्याख्या कीजिए । **40**

Discuss the procedure in case of disputes relating to immovable property under Section 145 of Criminal Procedure Code, 1973. Do you agree with the view that the proceeding under Section 145 is not punitive but preventive ? Discuss.

9. (अ) विवाद्यक तथ्य किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित अपना उत्तर दीजिये । **10**

(ब) कौन से तथ्यों को सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं है ? **10**

(स) अनुश्रुत साक्ष्यों के अपवर्जन के कारणों की व्याख्या कीजिये । भारतीय साक्ष्य अधिनियम में अनुश्रुत साक्ष्य स्वीकार न करने के सिद्धांत को किस सीमा तक अपनाया गया है इसकी विवेचना कीजिये । **10**

(द) मुकर जाने वाली संस्वीकृति के साक्ष्यिक मूल्य की पूर्ण रूप से विवेचना कीजिए । उदाहरण सहित अपना उत्तर लिखिए । **10**

(a) What is fact in issue ? Illustrate your answer.

(b) What facts need not be proved ?

(c) Explain the reason for exclusion of hearsay evidence. To what extent has the principle of exclusion of hearsay evidence been adopted in the Indian Evidence Act. Discuss.

(d) Discuss fully the evidentiary value of retracted confession. Illustrate your answer.

10. (अ) सुसंगता तथा ग्राह्यता न तो पर्यायवाची हैं और न ही एक दूसरे में सम्मिलित हैं । इस कथन की व्याख्या कीजिये । **20**

(ब) 'अ' तथा 'ब' एक बच्चे के अपहरण व उसको जान से मार देने के लिये सह-अभियुक्त हैं । 'अ' अपने दोष से इंकार करता है, किन्तु 'ब' स्वीकार करता है कि उसने 'अ' के साथ मिलकर अपराध कारित किया है । 'ब' द्वारा किया गया कथन 'अ' के विरुद्ध कहाँ तक सुसंगत है ? व्याख्या कीजिए । **20**

(a) Relevancy and admissibility are neither synonymous nor is the one included in other. Elucidate this statement.

(b) 'A' and 'B' are co-accused of the crime of kidnapping and killing of a child. 'A' denies his guilt but 'B' confesses that he along with 'A' has committed the crime. How far the statement made by 'B' is relevant against 'A' ? Discuss.

---